# दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम को रोकने बरेठा घाट में चौड़ी होगी टर्निंग

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 17 अगस्त. भोपाल-नागपुर फोरलेन पर बरेठा घाट सेक्शन में मंदिर के पास के दो खतरनाक मोड़ अब चौड़े किए जाएंगे। इसके बाद इन मोड़ों पर वाहन आसानी से मुड़ सकेंगे और यहां पर वाहन पलटने व ट्रैफिक जाम की स्थितियां भी बहुत कम रह जायेगा।**

दरअसल एनएचएआई ने यहां

**अभी बरेठा घाट 6 से 10 मीटर है चौड़ा**

**बरेठा मंदिर के पास भी टर्निंग होगी चौड़ी**

पर काम करवाने की योजना बनाई है, लेकिन बरेठा घाट में निर्माण का मामला होई कोर्ट में होने के कारण यहां पर संकरा है। इस कारण यहां वाहन चालकों को बरेठा घाट में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरेठा मंदिर के पास खतरनाक मोड के साथ-साथ उतार-चढ़ाव वाली स्थित है, जिससे बड़े वाहनों को टर्निंग में काफी परेशानी जाती है। कई बार घाट में वाहनों के फंसने या पलटने से घंटो लंबा जाम लग लग जाता है। इसके अलावा 21 किमी सडक मेंटेनेंस के अभाव में गड्डों से पटी पड़ी है। एक-एक फीट गहरे गड्ढे हो चुके हैं। बारिश में तो ये गड्ढे समझ भी नहीं आते। इस कारण वाहन दुर्घटना के भी शिकार हो रहे हैं।

**घाट सेक्शन में बनाए जाने हैं दो एनीमल अंडरपास :** बैतूल से इटारसी के बीच 650 करोड़ से 72 किलोमीटर फोरलेन बनना था। इसमें से 21 किलोमीटर में काम रुका हुआ है। फोरलेन निर्माण से बाघों और अन्य वन्य प्राणियों का आवागमन प्रभावित नहीं हो इसके लिए फोरलेन पर दो जगह 1 किलोमीटर और 400 मीटर लंबे एनीमल अंडरपास बनाने की रिपोर्ट राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने एनएचएआई को दी है। इस रिपोर्ट के अनुसार तवा परियोजना के प्रवेश द्वार के समीप और बरेठा घाट के समीप एनीमल अंडरपास बनाने पड़ेंगे। जिससे कि वन्य प्राणियों का आवागमन इस फोरलेन के बनने प्रभावित नहीं हो। इस रिपोर्ट के बाद 21 किलोमीटर में रुका हुआ काम शुरू होने के आसार बन गए हैं।



लेकिन काम शुरू नहीं हुआ है। बरेठा घाट में ट्रक पलटने या बड़े वाहनों के कारण अक्सर जाम लगते है। वहीं घाट में छोटे-मोटे जाम तो आमबात है। जिसके पीछे एक कारण यह है कि 51 किलोमीटर फोरलेन 30 मीटर चौड़ा बन गया है, लेकिन बरेठा घाट 6 से 10 मीटर चौड़ा ही है। यहां टर्निंग पर सड? बमुश्किल 6 मीटर चौड़ी है, इस कारण वाहन फंस जाते हैं और कई बार तो पलट जाते हैं। अधिकांश जाम मंदिर के दोनों ओर की संकरी टर्निंग पर लगते हैं। यहां बड़े वाहनों के टर्न करने के दौरान रिवर्स आने की भी अधिक संभावना रहती है।

> मंदिर के आसपास दो जगहों पर जो टर्निंग संकरी हैं, उन्हें टाइगर डेवलपमेंट में जो काम होगा, उसके साथ ही कराने की प्लानिंग है।
> – मनीष मीणा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

### अक्सर लगता है लंबा जाम, चालक होते परेशान

बरेठा घाट में ट्रक पलटने या बड़े वाहनों के कारण अक्सर जाम लगते है। वहीं घाट में छोटे-मोटे जाम तो आमबात है। जिसके पीछे एक कारण यह है कि 51 किलोमीटर फोरलेन 30 मीटर चौड़ा बन गया है, लेकिन बरेठा घाट 6 से 10 मीटर चौड़ा ही है। यहां टर्निंग पर सड? बमुश्किल 6 मीटर चौड़ी है, इस कारण वाहन फंस जाते हैं और कई बार तो पलट जाते हैं। अधिकांश जाम मंदिर के दोनों ओर की संकरी टर्निंग पर लगते हैं। यहां बड़े वाहनों के टर्न करने के दौरान रिवर्स आने की भी अधिक संभावना रहती है। यदि घाट के मंदिर के समीप की दोनों जगहों पर टर्निंग की चौड़ाई बढ़ाई दी जाये तो काफी हद तक वाहन चालकों को जाम की राहत मिल जायेगी।

### काम अधूरा होने से परेशानी

अभी तक जो 51 किलोमीटर फोरलेन बना है उसमें भी इंतजाम अधूरे ही हैं। बताया जा रहा है कि इटारसी-बैतूल खंड में पाढर, शाहपुर और भौंरा बायपास पर अभी तक स्ट्रीट लाइट नहीं लगे हैं, प्रस्तावित सर्विस रोड पक्के नहीं हैं। डिवाइडर के बीच पौधरोपण नहीं हुआ है। नीम पानी में बिजली का इंतजाम नहीं हुआ है, यहां भी सर्विस रोड़ समेत अन्य प्रस्तावित काम अधूरे हैं। कई जगह डिवाइडर और क्रासिंग पर नियमानुसार काम नहीं हुआ है। हाइवे पर इमरजेंसी काल के लिए फोन सुविधा नहीं है। फोरलेन पर जिन जिन जगहों पर विद्युतीकरण, सर्विस रोड समेत अन्य प्रस्तावित कार्य होने थे वे अधूरे हैं। बीच में पौधरोपण नहीं होने से रात में वाहनों की हेडलाइट से दूसरी लाइन के छोटे वाहन चालकों को असुविधा होती है। इस कारण गांव के जोड़ों पर हादसे हो रहे हैं।

## एक नजर में

### दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता आज

**मुलताई।** विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर बजरंग दल मुलतापी द्वारा सोमवार को दही हांडी मटकी फोड़ का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें विजेता टीम को बजरंग दल द्वारा 11हजार 111 रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा। सागर बजरंगी ने बताया प्रतियोगिता सोमवार को बजरंग दल चौक पर शाम 5 बजे महाआरती के पश्चात प्रारंभ होंगी। जिसमे नगर सहित बाहर से आने वाली टीमें दही हांडी मटकी फोड़ में अपना हुनर दिखाएगी। जिसमें नगर सहित आस पास के क्षेत्र लोग भी शामिल रहेंगे। बजरंग दल ने सभी नगरवासियो से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### पुलिस ने चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बैतूल।** थाना कोतवाली पुलिस ने दो चोरी के प्रकरणों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी बलराम पिता प्रभुदयाल यादव (28 वर्ष) निवासी जैन दादावाड़ी के सामने बैतूल ने रिपोर्ट की कि 16 अगस्त की रात्रि में अज्ञात चोरों ने उसके घर का दरवाजा तोड़कर चोरी का प्रयास किया। जिस पर थाना कोतवाली बैतूल में धारा 64, 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं फरियादी सायबू पिता बलीराम खातरकर (65 वर्ष) निवासी वैष्णवी नगर गौठाना बैतूल ने रिपोर्ट की कि 16 अगस्त को ही रात्रि में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर उसके घर से लैपटॉप एवं चांदी की पायल चोरी कर ली। जिस पर थाना कोतवाली बैतूल में अपराध धारा 331(4), 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने इस मामले में सुनील पिता परसराम नागले उम्र 28 वर्ष निवासी शांति नगर गौठाना बैतूल और एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया है। जिनके पास से 1 एचपी कंपनी का लैपटॉप, कीमती करीबन 35,000, 1 चाँदी जैसी धातु की पैर पट्टी, कीमती करीबन 10,000 और 1 रिंग पाना, कीमती करीबन 300 कुल मशरूका 45,300 बरामद किया है। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रविकांत डेहरिया, उप निरीक्षक पचम सिंह उईके, प्रधान आरक्षक तरुण पटेल, प्रधान आरक्षक ब्रजेश रघुवंशी सहित पुलिस कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

## बैतूल जिले की कमान निलय डागा के हाथों में, कार्यकर्ताओं में खुशी



**भैंसदेही।** मध्यप्रदेश कांग्रेस ने आखिरकार लंबे इंतजार और सियासी मंथन के बाद अपने सभी जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी है। बैतूल जिले की कमान कांग्रेस हाईकमान ने पूर्व विधायक निलय डागा को सौंपी है। इस ऐलान के साथ ही जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जोश और उत्साह का माहौल बन गया है। बताया जा रहा है कि भोपाल से लेकर दिल्ली तक चली माथापच्ची के बाद यह फैसला लिया गया। खास बात यह रही कि कांग्रेस ने जन्माष्टमी जैसे शुभ मौके पर यह घोषणा कर राजनीतिक संदेश भी देने की कोशिश की है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी बैतूल दौरे पर आए थे। उस दौरान उन्होंने खुले मंच पर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गुटबाजी पर तल्ख टिप्पणी करते हुए सभी नेताओं को एकजुट होने का संदेश दिया था। तभी से यह कयास तेज हो गए थे कि जिले की बागडोर निलय डागा के हाथों में दी जा सकती है। जैसे ही डागा के नाम की आधिकारिक घोषणा हुई, भैंसदेही समेत पूरे जिले में समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और पटाखों की आतिशबाजी के बीच कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। समर्थकों का कहना है कि निलय भैया के अध्यक्ष बनने से जिले में कांग्रेस की ताकत और ऊर्जा दोगुनी हो जाएगी। अब 2028 की तैयारी नए जोश के साथ होगी। कांग्रेस का यह कदम बैतूल की सियासत में बड़ा बदलाव ला सकता है। एक ओर जहां संगठन को नया नेतृत्व मिल गया है, वहीं भाजपा के लिए भी आने वाले दिनों में यह चुनौती साबित हो सकता है। इस दौरान पूर्व पार्षद नरेश मोहरे, रफीक खान, शोएब विंध्यानी, गणेश राय बंगाली,अशोक सरपंच,निखिल सूर्यवंशी, फैजान पठान, कादर शाह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भैंसदेही में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**भैंसदेही।** 79 वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मां पूर्णा नगरी भैंसदेही में मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह परंपरा अनुसार गांधी धाम बाजार चौक में आयोजित किया गया। गांधी धाम बाजार चौक में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर के प्रथम नागरिक नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण मे परिषद के समस्त जनप्रतिनिधि, भाजपा एवं कांग्रेस के पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद मां सरस्वती की छाया चित्र की पूजा अर्चना कर , पुष्प अर्पित किए ,



पश्चात सर्वप्रथम भूतपूर्व सैनिकों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ करने के पूर्व स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संदेश को सीधे जनता तक नगर परिषद अध्यक्ष सोलंकी ने मंच के माध्यम से वाचन कर पहुंचाया गया। मुख्यालय के समस्त शासकीय विभागों , राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों ने अपने अपने कार्यालयों पर उपस्थित होकर समय अनुसार हर्षोल्लास व गरिमा के साथ सम्मान पूर्वक ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

## ग्राम खाटापानी में गुणवंत बाबा की पालकी में विधायक हुए शामिल

**भैंसदेही।** भैंसदेही विधानसभा के ग्राम खाटापानी में गुणवंत बाबा की पालकी में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर गुणवंत बाबा की पूजा अर्चना कर लोगों की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। इस कार्यक्रम में भक्तों के लिए गुणवंत बाबा स्थल पर 3 लाख की राशि से चौपाल बनाने की घोषणा की गई। इससे दर्शनार्थियों को अच्छी सुविधा मिलेगी और वे गुणवंत बाबा के दर्शन कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह चौहान स्थानीय जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने गुणवंत बाबा की पूजा अर्चना में भाग लिया और लोगों की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम खाटापानी के विकास के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। गुणवंत बाबा स्थल पर चौपाल बनाने से दर्शनार्थियों को अच्छी सुविधा मिलेगी और ग्राम के विकास में भी योगदान होगा। गुणवंत बाबा की पालकी और पूजा अर्चना का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इससे लोगों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया जा सकता है और ग्राम के विकास में भी योगदान हो सकता है।

## रसूखदारों के अवैध कब्ज़े पर प्रशासन मौन

**सारनी।** पाथाखेड़ा क्षेत्र के प्रकाश ज्वेलर्स द्वारा के समीप स्थित एजेंसी क्वार्टर पर अवैध निर्माण कर भव्य हवा महल तैयार कर व्यवसाय विस्तार करने का मामला सुर्खियों में है। इस पूरे प्रकरण में स्थानीय राजनीतिक संरक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। दबंगई का आलम यह है कि शहर में खुलेआम सरकारी संपत्ति पर कब्ज़ा कर सुंदर दुकान का निर्माण कर लिया गया, जबकि प्रशासन की भूमिका महज़ औपचारिक कार्रवाई तक सीमित रही। सूत्रों के द्वारा जानकारी के अनुसार, इस मामले पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा करने पर केवल दो बार चेतावनी पत्र जारी करने की बात सामने आई, किंतु अब तक किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्यवाही नहीं की गई है। रसूखदार ने पहले से ही चल रही अपनी दुकान एल सी एच क्वार्टर को कब्जा कर बनाई गई थी,अब दूसरी भी एलसीएच क्वार्टर कब्जा कर व्यवसाय फैलाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर, यदि कोई गरीब व्यक्ति सड़क किनारे या आसपास छोटी दुकान लगाने का प्रयास करता है तो प्रशासन तुरंत सक्रिय होकर उनका निर्माण तोड़ देता है, जुर्माना वसूलता है और कभी-कभी आर्थिक लाभ लेकर मामला ठंडे बस्ते में डाल देता है। मगर रसूखदार और प्रभावशाली व्यक्तियों के मामले में वही प्रशासन सहयोगी की भूमिका निभाता दिखाई देता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह दोहरी नीति प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जनता ने मांग की है कि इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में सरकारी संपत्तियों पर इस प्रकार का अवैध कब्ज़ा न हो सके। इस संबंध में डब्ल्यूसीएल अधिकारी महेशराम सत्यनारायण का कहना है कि मैं इस विषय पर नगरीय प्रशासन को चिट्ठी लिख दी है, नगरीय प्रशासन के अधिकारी जी एम साहब ही अब आगे होने वाली कार्रवाई कर पाएंगे।

## ब्रह्माकुमारीज़ ने जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया

**बैतूल।** ब्रह्माकुमारीज़ भाग्यविधाता भवन में जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया। जहां श्री कृष्ण की लीलाओं को झांकी और नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इनमें श्री कृष्ण गोकुल ग्राम की झांकी, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव नाटिका, श्री कृष्ण बाल लीला, श्री राधा-कृष्ण झांकी, श्री कृष्ण का गोवर्धन पर्वत उठाना, कालिया नाग मर्दन तथा माखन चोर नाटिका प्रस्तुत की गईं। इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया और ऐसा लगा जैसे सतयुगी स्वर्णिम दुनिया सजीव हो उठी हो। इस अवसर पर स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दादाजी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें निष्काम सेवा, सच्चा प्रेम और नैतिक मूल्यों का संदेश देता है। गीता का सार है। परिस्थितियां कैसी भी हों, हमें सदा कर्तव्यनिष्ठ और ईश्वरीय मार्ग पर अडिग रहना चाहिए। सारणी सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने कहा कि श्री कृष्ण के गुणों को जीवन में धारण कर श्रेष्ठ जीवन का निर्माण करना यही सच्चे अर्थो में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाना है। ब्रह्माकुमार नंदकिशोर भाई ने नाटिका में दिखाए गए दृश्यों का आध्यात्मिक रहस्य बताया।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

**बैतूल।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद दुर्गादास उइके से मिला और दस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने ज्ञापन को गंभीरता से पढ़ते हुए प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी मांगों के औचित्य सहित एक आदेश फाइल बनाकर कार्यालय में प्रस्तुत की जाए, ताकि उन पर सकारात्मक समर्थन और अनुशंसा के साथ सरकार को पत्र लिखा जा सके। सांसद उइके ने पेंशनर्स साथियों से पूर्णतः पारिवारिक माहौल में आत्मीय चर्चा की। इस दौरान एसोसिएशन



के सचिव शिवचरण हजारे ने आश्वासन दिया कि सभी मांगों की न्यायसंगत औचित्य आधारित आदेश फाइल शीघ्र ही कार्यालय में जमा कर दी जाएगी। बैठक के दौरान शिवचरण हजारे ने मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख और सांसद दुर्गादास उइके को पांच सितंबर शिक्षक दिवस पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह का आमंत्रण पत्र भी सौंपा, जिसे सांसद ने सहर्ष स्वीकार किया। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल कड़वे, जिला महिला संयोजिका सुश्री मीरा शेषकर सहित अन्य पेंशनर्स मौजूद रहे।

## जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार, चाकू बरामद

**बैतूल। ग्राम रावनवाड़ी और राठीपुर के बीच पुलिया पर हुए जानलेवा हमले के आरोपी रमेश मालवीय को पुलि सने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया है।**

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 11 अगस्त रात्रि करीब 8.45 बजे फरियादी रमेश निर्मले (47 वर्ष), निवासी ग्राम भैंसदेही को उनके चचेरे भाई रामा निर्मले ने फोन पर सूचना दी कि परसराम को किसी ने चाकू मार दिया है। फरियादी मौके पर पहुंचे, जहां परसराम घायल अवस्था में जमीन पर पड़े



थे, और वहीं पास में आरोपी रमेश मालवीय की बाइक भी खड़ी थी। परसराम ने बताया कि पैसों के लेन-देन के विवाद के चलते रमेश मालवीय ने उन पर जान से मारने की नीयत से चाकू से पेट, नाक और बाएं हाथ पर वार किए। घायल परसराम को तुरंत जिला अस्पताल बैतूल पहुंचाया गया, जहां फरियादी रमेश निर्मले के रिपोर्ट करने पर आरोपी रमेश उर्फ रिन्नू मालवी निवासी ग्राम भैंसदेही थाना गंज के विरुद्ध धारा 109 बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया। थाना गंज पुलिस ने आरोपी रमेश मालवीय (43 वर्ष), पिता दिनदयाल मालवीय, निवासी ग्राम भैंसदेही को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का चाकू भी बरामद किया गया है। बाद आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नीरज पाल, सहायक उपनिरीक्षक राममूरत वर्मा, आरक्षक शिवशंकर देवड़ा, अनिरुद्ध , नवीन, दीपक की सराहनीय भूमिका रही।

**त्यौहार** | जन्माष्टमी एवं शिवरात्रि पर लगता है मेला

# जन्माष्टमी पर उत्तम सागर में लगे मेले में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**मुलताई।** प्रभात पट्टन ब्लाक के ग्राम मासोद के पास देवझिरी व डोंगरपुर के पास बागदेव से लगे जंगलों में स्थित उत्तम सागर पहाड़ी पर वर्ष में दो मेला लगता है। इस बार कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मासोद, दातोरा, जामगांव एवं वन विभाग मासोद के सहयोग से मेले में विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमे हजारो श्रद्धालुओ ने माहूर के पत्तो पर प्रसाद ग्रहण किया। इस वर्ष हजारो की संख्या में श्रद्धालु रिमझिम बारिश के बीच दर्शन के लिए उत्तम सागर की कठिन पहाड़ी पर मासोद एवं डोंगरपुर देवझिरी से लगी पहाडी से चढ़कर उंची चोटी पर स्थित भगवान भोलेनाथ व गणेशजी एवं उत्तमसागर वाले



बाबा पूजन एवं दर्शन के लिए पहुंचे। वहीं कई श्रद्धालुओं द्वारा रोग दूर करने के लिए मन्नते मांगी ।मेले में मध्य प्रदेश सहित महाराष्ट्र के सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। सरपंच संगीता धोटे ,शिवशंकर अमरूते,नामदेव साहू ने बताया यहां एक विशेष मान्यता के कारण भक्तो की भीड़ उमड़ती है कहा जाता है कि शरीर पर दाने रूपी मसा आ आते हैं, जिसे दूर करने के लिए शिव जी के पास आकर पूजा अर्चना कर चांदी या सोने का मसा चढ़ाने की मन्नत करते हैं, जिससे धीरे-धीरे शरीर से मस गायब होने लगते है। शरीर के रोग बीमारी दूर होने पर दूसरी बार शिवरात्रि पर जब मेला लगता है तब श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के चरणों में सोने या चांदी का बना मसा अर्पण करते हैं। समिति के सदस्य भाऊराव बिसन्द्रे,पवन जगताप, नामदेव साहू ने बताया मेले का शुभारंभ तहसीलदार यशवंत सिंह गिन्नारे द्वारा शुक्रवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं मंदिर परिसर मे साफ सफाई कर किया गया। जहां पर शनिवार सुबह दुकानदार दुकान लगाने पहुच गए थे ।वहीं देर रात श्रद्धालुओं का आवागमन होते रहा,रिमझिम बारिश व कोहरे के बीच भक्तो ने पुजन कर हरी भरी वादियो का आनंद लिया।

### श्रीकृष्ण को लगाया 56 प्रकार के पकवानों का भोग

मुलताई में ताप्ती तट स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आस्था एवं धूमधाम के साथ मनाया गया ।शनिवार को जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण स्तुति की गई। जिसके बाद भगवान श्रीकृष्ण को माखन मिश्री के साथ छप्पन भोग अर्पित किए। शनिवार को दिन भर हो रही बारिश के बीच श्रीकृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा पूजन किया गया। रात्रि 12 बजे ताप्ती तट स्थित मंदिरो में नंदघर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारो के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। शनिवार को जन्माष्टमी के अवसर पर सुबह से श्रद्धालुओं द्वारा दिन भर व्रत रखा गया एवं भगवान श्रीकृष्ण की बाल प्रतिमाओ को छोटे छोटे आकर्षक वस्त्र पहनाकर पूजन कर झूलो में बैठाया गया।


नवभारत समाचार पत्र में विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करे।
उमाकांत शर्मा, बैतूल मो . 9424009999

क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग
2 अगस्त से भव्य शुभारंभ मेला सह प्रदर्शनी
हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट और गृह उपयोगी वस्तुये
EXPO सुनहरा अवसर
एंट्री/पार्किंग फ्री
TIME 10 AM TO 10 PM
30,000 विभिन्न प्रकार की घरेलू उपयोगी वस्तुएं एक ही छत के नीचे
भव्य प्रदर्शन व बिक्री
महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मिर, नागालैंड, आसाम, छत्तीसगढ़, तामिलनाडू, हरियाणा, गुजरात, बिहार, राजस्थान, आंध्रप्रदेश एवं अन्य सभी राज्यों की गृह उपयोगी वस्तु भरपूर स्टॉक में उपलब्ध है।
स्थान न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड कोठीबाजार बैतूल

माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
अब छात्रों को भोपाल इंदौर जाने की आवश्यकता ही नही, बैतूल में करें
MBA
माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Diploma in Pharmacy
(2 Year) (12th Bio/Math's)
For Year 2025-26
D फार्मेसी
(प्रवेश प्रारंभ) पता : इटारसी रोड, बैतूल मो . 9425003213, 7000863213 (प्रवेश प्रारंभ)